हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 1 मई 2026

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

13 गोंड समाज सजगता के साथ अपने अधिकारों...


14 जिले में कक्षा 12वीं का 92.89 प्रतिशत दसवीं का...




## खबर संक्षेप

### किरवई में धीवर समाज का वार्षिक अधिवेशन कल




**राजिम।** परगना धीवर समाज राजिम का वार्षिक अधिवेशन 2 मई शनिवार को ग्राम के पूज्य देवी मां पुजेरिन दाई मंदिर परिसर में होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी होंगी। यह जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी राजेश धीवर,कोषाध्यक्ष झाड़ुराम तारक,सचिव तुकाराम तारक ने बताया कि प्रमुख अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजिम परगना के अध्यक्ष रामुराम तारक करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जिला पंचायत के सभापति नंदनी-ओंकार साहू, जिला भाजपा महामंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू, जनपद सदस्य राधेश्याम साहू, सरपंच देवकुमारी-हेमंत साहू, उपसरपंच लिलेश्वरी साहू मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम के तहत शाम 4 बजे कलश जल शोभायात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद भगवान श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना दीप प्रज्जवलन से होगा।



### मुख्यमंत्री कन्या विवाह 8 मई को

**राजिम।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन 3 मई की बजाए अब 8 मई को होने जा रहा है। प्रशासन द्वारा कहा गया है कि जिले में जो माता-पिता अपने विवाह योग्य लड़के-लड़कियों का सामूहिक विवाह कराना चाहते है ऐसे जोड़ों का पंजीयन आंगनबाड़ी केन्द्रों व संबंधित परियोजना कार्यालय में 7 मई तक करा सकते है। इसके पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की गयी है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र निर्धन परिवारों की कन्याओं को अधिक से अधिक योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करें।

### छुईहा-बहानाकाड़ी मार्ग का होगा कायाकल्प भूमिपूजन 2 मई को

**छुईहा/बेलर।** ग्राम पंचायत छुईहा के ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर है। मुख्य सड़क से बहानाकाड़ी तक जाने वाले मार्ग के निर्माण कार्य का बहुप्रतीक्षित भूमिपूजन 2 मई को बस स्टैंड छुईहा में भव्य रूप से किया जाएगा। उपसरपंच एवं भाजपा नेता गजेश्वर सिन्हा ने बताया कि छुईहा से बहानाकाड़ी तक 0.80 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए शेष पेज 12 पर



# भीषण गर्मी में बाढ़ जैसा मंजर, कुर्रा के सरकारी स्कूल में घुसा नहर का पानी

## दस्तावेज भीगे; कुआं प्रदूषित होने से पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अप्रैल की तपती गर्मी के बीच नवापारा शहर से महज 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कुर्रा में यहां बारिश के बिना ही गांव की गलियां और स्कूल परिसर जलमग्न हो गए हैं। यह स्थिति नहर के माध्यम से तालाब भरने के लिए छोड़े गए पानी की सही निकासी न होने के कारण निर्मित हुई है। बताया जा रहा है कक्षाओं में पानी भरने से दस्तावेज, पाठ्य पुस्तकें और कॉपियां भींग गईं है। ग्रामीणों के लिए चिंता वाली बात यह रही कि जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति करने वाला जो कुआं है। उसमें भी नहर का गंदा पानी भर गया है। ग्रामीणों ने बताया कि हर साल गर्मी में तालाब भरने के लिए नहर में पानी छोड़ा जाता है, लेकिन निकासी की व्यवस्था न होने से पानी गांव में भर जाता है। कई घरों में भी पानी घुस गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल नहर का पानी डायवर्ट करने और स्कूल-कुएं से पानी निकासी की मांग की है।

**परेशानी :** मजदूरी की मांग को लेकर हजारों मजदूर रोज लगा रहे पंचायत एवं जनपद का चक्कर

# 4 महीने से मनरेगा की मजदूरी का इंतजार 6 करोड़ 86 लाख रुपए का भुगतान अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मनरेंगा योजना के तहत कार्य करने वाले मजदूरों को जनवरी 2026 से मजदूरी का भुगतान नहीं मिला है इस वजह से शादी विवाह के इस सीजन में उन्हे आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर ब्लॉक में 06 करोड़ 86 लाख रुपए का मजदूरी भुगतान लटक गया है। हजारों मजदूर प्रतिदिन मजदूरी भुगतान के लिए ग्राम पंचायत जनपद पंचायत कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं उन्हे सिर्फ आश्वासन मिल रहा है लेकिन मजदूरी भुगतान नहीं होने के कारण मजदूरी के बल पर ही घर परिवार का खर्च चलाने वाले ग्रामीणों के सामने भारी परेशानी उत्पन्न हो गई है। उन्हे इधर -उधर कर्जा लेना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर विभाग के अधिकारी भी उन्हे यह सही नहीं बता पा रहे कि कब तक उन्हे भुगतान कर दिया जायेगा। वह सिर्फ इतना कह रहे कि विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है अभी पैसा नहीं आया है पैसा आते ही उनके खाते में ट्रांसफर हो जाएगा। रोजगार गारंटी योजना के तहत हजारों मजदूरों ने तालाब गहरीकरण, गोदी खुदाई, आवास निर्माण, अजीविका डबरी तालाब व अन्य रोजगारमूलक कार्यों में जी-तोड़ मेहनत की, लेकिन शेष पेज 12 पर




### मजदूरी भुगतान जल्द किया जाएगा

जनपद पंचायत मैनपुर मनरेंगा परियोजना अधिकारी कपिल नायक ने बताया की मैनपुर ब्लॉक में 06 करोड़ 86 लाख रुपए मजदूरी भुगतान जनवरी 2026 से नहीं हो पाया है। और इसकी जानकारी उच्च अफसरों को भेजा जा चुका है। श्री नायक ने बताया की आवास निर्माण कार्य मजदूरी भुगतान, अजीविका डबरी, नया तालाब, तालाब गहरीकरण कार्य का मजदूरी भुगतान बाकी है जल्द ही मजदूरी भुगतान हो जाएगा।

### 18 महीने में मनरेगा से एक भी काम स्वीकृत नहीं, नाराज जनप्रतिनिधियों ने खोला मोर्चा

**रसेला।** डबल इंजन की सरकार बनते ही ग्राम पंचायतों में विकास की कभी उम्मीद थी, लेकिन डेढ साल बीतने के बाद भी ग्राम पंचायतों में एक भी मनरेगा काम स्वीकृत नहीं हुआ है। और जो पुराना कार्य 2025 का बचा था,उस कार्य को पूरा करने के बाद भी अभी भुगतान नहीं हुआ है। क्षेत्र में नाराज जनप्रतिनिधियों ने सीधा सरकार को दोषारोपण कर जमीनी स्तर पर छवि धूमिल होने की बात स्वीकार रहे हैं। आपको बता दें कि छुरा विकास खंड के रसेला क्षेत्र में लगभग डेढ़ साल से मनरेगा के तहत विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हैं, हालात यह है कि पुल पुलिया, चेकडैम, तालाब गहरी करण, नया तालाब, सड़क, भूमि सुधार, जैसे अन्य महत्वपूर्ण निर्माण कार्य का एक भी प्रस्ताव धरातल पर नहीं उतर पाया है। जिससे क्षेत्र के पंच, सरपंच, जनपद सदस्य तमाम निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। सरपंच भोजराज नागेश, विजय कृष्णा नागेश, रूपादेवी ठाकुर, गोमती सोरी,चन्दरिका नेताम का कहना है कि मनरेगा के तहत जल



संरक्षण के लिए नालों में चैकडेम स्वीकृति दिया जाता था और यह काफी हद तक सफल भी है। विकास कार्य सिर्फ अधिकारियों कार्यालय वीडियो कांफ्रेंसिंग तक ही नजर आता है तभी तो 18 महीने बीतने के बाद भी क्षेत्र के धरातल में विकास नहीं पहुंचा इसलिए कई सरपंचों ने दौड़ भाग भी बंद कर दिया और एक भी कार्य नहीं कर पाने या रोजगार नहीं दिला पाने सहित कई तरह की खरी खोटी बातें सुनने को मजबूर हैं। वर्तमान में पंचायत में पूरी तरह से विकास कार्य में ब्रेक लग गया है। जिसकी परवाह न अधिकारी को है ना सत्तारूढ़ जनप्रतिनिधियों को यही वजह से पंचायतों में आज विकास कार्य ठप पड़ा हुआ है।

### शहद खाने पेड़ चढ़ा भालू वन विभाग ने भगाया



**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर वनपरिक्षेत्र के ग्राम फिंगेश्वरी में जंगल से गर्मी मे ब्याकुल होकर पहुंचा एक भालू विचरण करते रहा और उसे एक पेड़ में मधुमक्खी का छत्ता दिखा तो उससे रहा नहीं गया और वह झपाक से उस पेड़ मे चढ़ कर शहद खाने लगा। गांव वालों ने भालू को पेड़ पर चढ़ा देखा तो डर गए और उन्हे लगा कि यह भालू पेड़ से उतरकर गांव वालों को नुकसान पहुंचा सकता है। गांव वालों ने फिंगे"वर क्षेत्र के वनविभाग के अधिकारी कर्मचारी को सूचित किया वहीं पर कुछ ने छुरा क्षेत्र के वनकर्मचारियों को सूचित किया। दोना परिक्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंच कर देखा तो सचमुच मे भालू नजर आया।दोना रेंज के अधिकारी कर्मचारियो ने कड़ी मेहनत करके भालू को जैसे तैसे जंगल की ओर भगाया तब जाकर गांव वालों ने राहत की सांस ली।वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने और जंगली जानवरों के दिखने पर स्वयं छेड़छाड़ न कर विभाग को सूचित करने की अपील की है। इस अवसर पर छुरा फॉरेस्ट के रेंजर लव कुश पांडेय सहित टीम में कमल नेताम, डिप्टी रेंजर मनीष वर्मा फिंगेश्वर, वन रक्षक मिथलेश यादव, देशचंद टंडन, घनश्याम ध्रुव, युवराज नेताम, रामध्वज मौर्य, छपेश्वर साहू सहित अन्य कर्मचारियों की सहभागिता रही।

# अधूरे पेंशनर भवन को लेकर पेंशनरों का प्रदर्शन, 7 दिन में पूरा करने का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- वर्षों से अधूरा निर्माण, नगर पालिका पर अनदेखी का आरोप

छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज, तहसील शाखा गरियाबंद के बैनर तले पेंशनरों ने अधूरे पेंशनर भवन के निर्माण को लेकर विरोध जताते हुए धरना-प्रदर्शन किया। गांधी मैदान में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पेंशनर शामिल हुए और नगर पालिका परिषद के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। पेंशनरों का कहना है कि पेंशनर समाज भवन का निर्माण पिछले तीन वर्षों से नगर पालिका परिषद गरियाबंद द्वारा कराया जा रहा है, लेकिन आज तक यह भवन पूर्ण नहीं हो सका है। इस संबंध में कई बार पेंशनर प्रतिनिधिमंडल द्वारा नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अवगत कराया जा चुका है, बावजूद इसके निर्माण कार्य अधूरा ही पड़ा हुआ है। आक्रोशित पेंशनरों ने 15 अप्रैल 2026 को ही अधूरे निर्माण के विरोध में धरना-प्रदर्शन की



चेतावनी दी थी, जिसके तहत 30 अप्रैल 2026 को विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और थाना प्रभारी को भी सूचना दी गई थी। धरना प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों द्वारा सात दिनों के भीतर पेंशनर समाज भवन का निर्माण पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया। हालांकि पेंशनरों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सात दिन के भीतर निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, तो शेष पेज 12 पर

# शराब दुकान के समीप मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नायकबांधा निवासी एक युवक का शव शराब दुकान के पास मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान टिकेश्वर साहू (38 वर्ष), पिता शंकरलाल साहू के रूप में हुई है। पुलिस और एफएसएल की टीम मामले की विस्तृत जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने देशी-अंग्रेजी शराब दुकान के पास टिकेश्वर का शव देखा, जिसकी सूचना तत्काल अभनपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम और एफएसएल विशेषज्ञों ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। प्राथमिक जांच और भौतिक परिस्थितियों को देखते हुए अत्यधिक शराब का सेवन और भीषण गर्मी को मौत का संभावित कारण माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि टिकेश्वर नायकबांधा स्थित अपने पैतृक घर में अकेला रहता था। उसके भाई और माँ वर्तमान में नया रायपुर के उपरवारा गांव में अपनी बहन के घर रह रहे हैं, जिनका समय-समय पर नायकबांधा आना-जाना होता था। पड़ोसियों के अनुसार, टिकेश्वर पिछले एक-दो दिनों से गाँव में शेष पेज 12 पर

# पशुपालन एवं जैविक खेती ओमप्रकाश के लिए वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम तहसील के सेम्हराडीह के किसान जीवन वर्मा के बेटे ओमप्रकाश वर्मा अपने पिता के मार्गदर्शन में शासन के महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लेकर पशुपालन के साथ-साथ पशुओं के अपशिष्ट पदार्थों से गैस निर्माण एवं उनके अपशिष्ट तरल से जैविक कृषि कर आत्मनिर्भर हो रहे है। उन्होंने बताया कि डेयरी विकास योजना अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक से 12 लाख रुपए का ऋण लेकर उन्होंने लगभग 9 लाख रुपए की रकम से 8 अच्छी नस्ल की गाय खरीदी। जिसमें साहीवाल, एच एफ, जर्सी, गिर नस्ल शामिल है। उन्होंने लगभग 1 लाख रुपए की एक गाय खरीदी। जिसके रख-रखाव के लिए बाकी बचे पैसे से शेड निर्माण, बोर उत्खनन, सप्लाई पानी टंकी निर्माण ,वर्मी कंपोस्ट टैंक बनवाया। बताया कि एक गाय प्रतिदिन 16 से 20 लीटर दूध देती है। जिसको देवभोग दूध संग्रहण केंद्र में 23 से 27 रु प्रति लीटर की दर से विक्रय कर आमदनी अर्जित करते है। इसके अलावा उन्होंने



बताया कि क्रेडा विभाग से गोबर गैस निर्माण के लिए टैंक में गैस का निर्माण किया जा रहा है। जिससे अब घरों में एलपीजी गैस की आवश्यकता नहीं होती। बचे अपशिष्टों को पानी में घोलकर खेतों में बुवाई के पहले छिड़काव कर दिया जाता है। जो कंपोस्ट खाद का काम करती है। इसके अलावा उन्होंने जल संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल करते हुए रागी की खेती शुरू की है। जिससे जल संरक्षण तो हो रहा है साथ-साथ दलहन-तिलहन को भी बढ़ावा दे रहे है।

**83 हजार मानक बोरा लक्ष्य, 70 समितियों के 560 फड़ों पर तैयारी पूरी**

# जिले में आज से शुरू होगी तेंदूपत्ता तोड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के वनमंडल में तेंदूपत्ता सीजन की शुरुआत 01 मई से होने जा रही है। वन विभाग ने इसके लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सीजन को लेकर ग्रामीणों और संग्राहकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस वर्ष जिले में 83,000 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। वन विभाग के डिप्टी एमडी नदीम कृष्ण बरिहा ने बताया कि सभी समितियों में एक साथ संग्रहण कार्य शुरू किया जाएगा। जिले में 70 प्राथमिक वन उपज सहकारी समितियों के अंतर्गत 560 संग्रहण केंद्र (फड़) बनाए गए हैं, जहां संग्राहक तेंदूपत्ता जमा करेंगे। इन केंद्रों पर तौल, भंडारण और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार, देवभोग क्षेत्र की 12 समितियों में 24 अप्रैल से ही संग्रहण शुरू हो चुका है, जबकि बाकी 58 समितियों में 01 मई से तेंदूपत्ता तोड़ाई और संग्रहण शुरू होगा। विभाग सभी जगहों पर सुचारू संचालन के लिए मॉनिटरिंग कर रहा है।



### गुणवत्ता पर विशेष जोर

वन विभाग ने संग्राहकों से अपील की है कि वे केवल अच्छी गुणवत्ता वाले पत्ते ही फड़ों में लाएं। वन विभाग ने बताया कि कीड़े खाए हुए पत्ते दाग या धब्बेदार पत्ते कटे-फटे या मोटी नसों वाले पत्ते अत्यधिक कोमल (कँवले) पत्ते पत्ते जमा नहीं किए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार बेहतर गुणवत्ता से संग्राहकों को अधिक लाभ मिलेगा और बाजार में भी अच्छी मांग बनी रहेगी।

**अनुकूल मौसम से बेहतर उत्पादन की उम्मीद-** इस वर्ष मौसम अनुकूल रहने के कारण तेंदूपत्ते की गुणवत्ता अच्छी रहने की संभावना जताई जा रही है। समय पर गर्मी पड़ने और बारिश नहीं होने से पत्ते मजबूत और बेहतर बनावट के तैयार हुए हैं, जिससे संग्रहण में वृद्धि और बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद है। वन विभाग द्वारा सभी फड़ केंद्रों में पारदर्शी तौल, समय पर भुगतान और श्रमिकों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं ताकि संग्रहण कार्य बिना किसी बाधा के संचालित हो सके।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी-** तेंदूपत्ता संग्रहण क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। हर साल हजारों परिवार इससे जुड़कर मौसमी रोजगार प्राप्त करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सीजन उनके लिए साल का सबसे अहम समय होता है, जिससे उनकी आय बढ़ती है और घरेलू जरूरतों की पूर्ति होती है। 01 मई से शुरू हो रहे तेंदूपत्ता सीजन के साथ वन विभाग पूरी तरह तैयार है। बेहतर मौसम, मजबूत व्यवस्था और संग्राहकों की सक्रिय भागीदारी से इस बार गरियाबंद जिले के लक्ष्य से आगे निकलने की पूरी संभावना जताई जा रही है।



**खबर संक्षेप**

### जिला स्तरीय स्काउट-गाइड कार्यशाला ऑनलाइन पंजीयन पर दिया गया जोर



**गरियाबंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में स्काउट-गाइड गतिविधियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय स्काउट-गाइड प्रभारियों की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा की मंशा अनुरूप, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर के निर्देश एवं जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) एवं शिविर संचालक जलवती साहू ने मुख्य रूप से मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्काउटिंग परंपरा के तहत ध्वज शिष्टाचार के साथ की गई। इसके बाद संचालक मंडल द्वारा राज्य स्तर पर निर्धारित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला सचिव रोमन लाल साहू ने विद्यालयों के चार्टर वारंट एवं जिला कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। वहीं राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) जलवती साहू ने प्रभारियों के वयस्क प्रशिक्षण, विभिन्न बैजों में हुए संशोधन, कमिश्नर कोर्स सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। डीओसी गाइड सीमा साहू ने विद्यालयों के स्काउट-गाइड एवं प्रभारियों के ऑनलाइन पोर्टल में पंजीयन की प्रक्रिया समझाई। डीओसी स्काउट आशीष कुमार साहू ने राज्यपाल पुरस्कार आवेदन एवं एडवेंचर शिविर से संबंधित जानकारी दी।

### अरंड हाई स्कूल का रहा सराहनीय परिणाम

**अरंड।** बोर्ड परीक्षा के परिणामों में शासकीय हाई स्कूल अरंड के 89.13% विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। जिसमें 90.5% अंकों के साथ लता साहू टॉप पर रही, जबकि रीतिका देवांगन 89% द्वितीय एवं कुमकुम निषाद 79% तृतीय स्थान पर रहीं। शाला में दर्ज 47 विद्यार्थियों में 18 प्रथम श्रेणी, 20 द्वितीय श्रेणी, 3 तृतीय श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए। वहीं 01 अनुपस्थित, 02 पूरक, 03 छात्र अनुत्तीर्ण हुए। संस्था के प्राचार्य एनपी तिवारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दिए एवं पूरक तथा अनुत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को द्वितीय अवसर की परीक्षा में बेहतर तैयारी के साथ सम्मिलित होने का संदेश दिए। इस अच्छे परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कार्तिक राम पटेल, सरपंच डिगंबर पटेल, सक्रिय सदस्य शिवचरण ध्रुव, कृष्णा ध्रुव ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का प्रतिफल बताया। ज्ञात हो कि बीते वर्ष विद्यालय का परीक्षा फल 96% था एवं 2017 से प्रारंभ हाई स्कूल शुरुआत से ही लगातार अच्छा परिणाम देने में सफल रहा है।

### श्रमिक दिवस पर टाउन हॉल में स्वास्थ्य शिविर आज

**महासमुंद।** श्रमिक दिवस (1 मई) के अवसर नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू ने मुख्यमंत्री शहरीय स्लम स्वास्थ्य योजना के एरिया मैनेजर को टाऊन हाल में आयोजित श्रमिक सम्मेलन में श्रमिकों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने का निर्देश दिये है। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया है कि शिविर का मुख्य उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में काम करने वाले श्रमिकों को एक स्थान पर निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### बीए द्वितीय, चतुर्थ की प्रायोगिक परीक्षा 4 को

**महासमुंद।** बीए द्वितीय सेमेस्टर डीएससी/डीएसई (मनोविज्ञान) एवं बीए चतुर्थ सेमेस्टर डीएससी विषय के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं के सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा 4 अप्रैल को सुबह 09 से 1 बजे तक विज्ञान भवन मचेवा में होंगे। परीक्षा में नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।

**कार्यक्रम :** आदिवासी अमात गोड़ समाज भाठीगढ़ राज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन

# आदिवासी समाज को संगठित होने की जरूरत : ओंकार शाह





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में गुरूवार को आदिवासी अमात गोड़ समाज भाठीगढ़ राज द्वारा नवनिर्मित विशाल सामुदायिक भवन का उद्घाटन गरिमामय और उत्साह पूर्वक वातावरण में धुमधाम के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं अखिल भारतीय अमात गोड़ समाज केन्द्रीय अध्यक्ष ओंकार शाह, अमात गोड़ समाज के भाठीगढ़ राज अध्यक्ष गुजरात सिंह कमलेश, खेदु नेगी, संरक्षक अमृत नागेश, टिकमसिंह कपिल, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, जन्मजय नेताम, गौकरण ध्रुव, छुरा राज के कुमार यशपेन्द्र शाह एवं वरिष्टजनों की उपस्थित में पूजा अर्चना कर फीता काटकर किया गया। इस दौरान समाजिक सम्मेलन के पूर्व आदिवासी संस्कृति परंपरा अनुसार पीला चांवल का तिलक लगाकर व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईष्टदेव बुढ़ादेव की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं अमात गोंड़ समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष ओंकार शाह ने कहा इस तरह के समाजिक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होना चाहिए समाजिक कार्यक्रम आयोजित होने से समाज के सभी लोग एक जगह एकत्र होते है और एक दूसरे से मूलाकात करते है जिससे भाईचारा एकता बनी रहती है। श्री शाह ने कहा आदिवासी समाज काफी संगठित और मजबूत समाज है हम सबको अपना कीमती समय समाज के विकास और उन्नति के लिए देने की जरूरत है। उन्होने कहा हमारे समाज के युवाओं मे काफी उर्जा है और इस उर्जा का उपयोग समाज के विकास के लिये करना है श्री शाह ने कहा की समाज के नियमों का पालन करना सभी सामाजिक बंधुओ की जिम्मेदारी है चाहे वह राजा हो या रंक हो समाज का नियम सबके लिये बराबर है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लेखराज ध्रुवा, गीता ठाकुर, महेन्द्र नेताम, गुमान सिंह ठाकुर, उपासीन नागेश, प्रियंका कपिल, कंवलीबाई, सतिश मरकाम, सुखराम नागेश, ललित मरकाम, प्रेमसाय जगत, छबि दीवान, महेन्द्र फरस, रामे"वर कपिल, कन्हैया नेताम, भुकनसिंह नेताम, सुंदर कपिल, अमृत नागेश, सियाराम ठाकुर, जिलेन्द्र नेगी, सोहन नागेश, महेश राम, दयाराम, चंद्रकुमार नागेश, रमन सिंह, जीवन मरकाम, भुने"वर नेगी, पवन ठाकुर, हरिशचंद नेगी, पवन दीवान, लालसिंह, धनीराम मरकाम, सुभाश मरकाम, खेलन दीवान, सुभाश मरकाम, गोपी नेताम एवं सैकड़ो की संख्या मे आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे इस दौरान समाज के बालिकाआयो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।

**समाज के नियमों का पालन करना जरूरी**



आदिवासी अमात गोड़ समाज के भाठीगढ़ राज अध्यक्ष गुजरात सिंह कमलेश ने कहा आदिवासी समाज का एक अपना अलग संस्कृति और परंपरा है जिसके अनुसार हम सबको समाज के नियमो का पालन करना जरूरी है। इस तरह के समाजिक कार्यक्रम हमें आपसी मनमोटाव व मतभेद को भुलाकर एक दूसरे से तालमेल आपसी प्रेम के साथ रहने का प्रेरणा देता है। समाज के लोगों को पहले से और अधिक संगठित और एकता के साथ रहने की जरूरत है। आदिवासी अमात गोंड़ समाज महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्लोकेश्वरी नेताम ने कहा की आने वाले समय आदिवासी समाज के लिए चुनौती पूर्ण समय है आदिवासी समाज में बहुत परिवर्तन आने वाला है। उन्होने समाज के सभी युवा वर्गों को समाज के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए शामिल होने की अपील की है साथ ही कहा है युवा समाज की ऋण की हड्डी है और युवाओं को सामने आने की जरूरत है। केन्द्रीय उपाध्यक्ष खेदु नेगी ने कहा मैनपुर मे समाज के लोगो ने आपसी सहयोग राशि एकत्र कर 45 लाख रूपये की लागत से यह समाज भवन का निर्माण किये है जो आने वाले समय मे मील का पत्थर साबित होगा।

# अभनपुर विकासखंड का बोर्ड परीक्षाओं में ऐतिहासिक प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर**

विकासखंड अभनपुर ने बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धि दर्ज की है। 10वीं और 12वीं दोनों बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। इस वर्ष परिणामों में पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो क्षेत्र की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत को दर्शाता है। 10वीं बोर्ड परीक्षा में विकासखंड के कुल 2314 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 2063 विद्यार्थी सफल रहे। इस तरह सफलता प्रतिशत 89.15 रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 22 प्रतिशत अधिक है। परिणामों में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 1191 रही, जबकि 777 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी और 93 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी में सफलता हासिल की। विशेष उपलब्धि यह रही कि विकासखंड के 10 विद्यालयों ने शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज कर अपनी गुणवत्ता सिद्ध की। वहीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 1574 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 1470 विद्यार्थी सफल रहे। इस तरह सफलता प्रतिशत 93.39 दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 12 प्रतिशत अधिक है। प्रथम श्रेणी में 58.7 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की, जबकि 37.2 प्रतिशत विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी और 60 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। विकासखंड के चार विद्यालयों ने 100 प्रतिशत परिणाम देकर विशेष उपलब्धि अर्जित की। इसके अलावा कई विद्यालयों ने गणित एवं विज्ञान संकाय में भी शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू ने इस सफलता पर सभी विद्यार्थियों को कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन, प्राचार्यों के नेतृत्व और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में भी अभनपुर विकासखंड शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा।

■ 10वीं में 89 .15प्रतिशत और 12वीं में 93 .39 प्रतिशत विद्यार्थी सफल

# अधिक मास भक्ति और साधना का खरमास में मांगलिक कार्यों पर रोक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला**



अधिक मास और खरमास को लेकर लोगों के बीच भ्रम बना रहता है। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि हिंदू पंचांग में समय-समय पर आने वाले इस दोनों महीनों को लोग एक जैसा मान लेते हैं। जबकि दोनों की गणना, समय और धार्मिक महत्व पूरी तरह अलग है। एक तरफ अधिक मास भक्ति और साधना का विशेष समय माना जाता है, वहीं खरमास में मांगलिक कार्यों पर रोक लग जातीं हैं। ज्योतिष गणना के अनुसार,सौर वर्ष करीब 365 दिन का होता है, जबकि चंद्र वर्ष लगभग 354 दिनों का होता है। इस अंतर को संतुलित करने के लिए हर लगभग तीन साल में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है,जिसे अधिक मास कहा गया है। जिस महीने सूर्य की संक्रांति नहीं होती, वहीं अधिक मास होता है। अधिक मास को पुरूषोत्तम मास भी कहा जाता है। भले ही इस दौरान विवाह जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते, लेकिन धार्मिक साधना के लिए समय श्रेष्ठ माना गया है। शर्मा ने आगे कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार,खरमास के दौरान सूर्य की गति धीमी मानी जाती है, जिससे शुभ कार्यों के लिए यह समय अनुकूल नहीं होता। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और अन्य मांगलिक कार्य करने पर प्रतिबंध रहता है। अधिक मास हर तीन साल में एक बार आता है और इसका संबंध चंद्र गणना से होता है, जबकि खरमास हर साल दो बार आता है और सूर्य के गोचर पर आधारित होता है। अधिक मास भक्ति और आ ध्या ात्म क उन्नति का समय है, जबकि खरमास संयम और विराम का समय माना जाता है। दोनों ही अवधियों में दान का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इससे व्यक्ति को मानसिक शांति प्रदान करता है। खासतौर पर अधिक मास में दान पुण्य और जप तप करने से सकारात्मक फल प्राप्त होते हैं।

### टीईटी की अनिवार्यता को शिथिल करने की मांग

**महासमुंद।** महासमुंद टीईटी की अनिवार्यता को शिथिल करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने टीचर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय स्तरीय आह्वान पर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिक्षामंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा को ज्ञापन सौंपा। सेवारत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि सितंबर 2025 के सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय ने सेवारत शिक्षकों को भी टीईटी की परीक्षा उत्तीर्ण करने का फरमान जारी किया है इस निर्णय से पूरे देश के शिक्षकों चिंता में डाल दिया है। 25 सालों की सेवा देने के बाद शिक्षकों से शिक्षक पात्रता परीक्षा लेने का यह निर्णय शिक्षकों के साथ कुठाराघात है। राज्य सरकार से आज ज्ञापन के माध्यम से टीएफआई के शिक्षकों ने अपील की है कि इस अव्यवहारिक निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार पुनः याचिका प्रस्तुत कर इस निर्णय पर विचार करने में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर जिला सेल संरक्षक बीपी मेश्राम ने कहा कि टीईटी की अनिवार्यता ऐसे शिक्षकों पर थोपी जा रही, जिनकी नियुक्ति के समय टीईटी का प्रावधान नहीं था।

# राजिम भक्तिन माता समिति ने कलेक्टर को भेंट किया खरबूज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम**



गर्मी के इस मौसम में जनसमस्या निवारण के उद्देश्य से राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, संगठन मंत्री किसलाल साहू एवं पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा ने जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर भगवान दास उईके एवं अपर कलेक्टर प्रशांत डाहिरे से मुलाकात किया। इस अवसर पर भीषण तपती गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री उईके को खरबूज भेंट किया गया, ताकि निरंतर चल रहे सघन जिला भ्रमण के दौरान उन्हें गर्मी से कुछ राहत मिल सके। उल्लेखनीय है कि अत्यधिक गर्मी के बावजूद कलेक्टर श्री उईके जिले के विभिन्न क्षेत्रों का लगातार दौरा कर आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से न केवल सुन रहे हैं बल्कि त्वरित समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसी जनसेवा भावना, कर्तव्यनिष्ठा एवं संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण के सम्मानस्वरूप यह फल भेंट किया गया। खरबूज को गर्मी के मौसम में अत्यंत लाभकारी फल माना जाता है। इसमें प्रचुर मात्रा में पानी, प्राकृतिक शर्करा, विटामिन-अ, विटामिन-उ एवं पोटैशियम पाया जाता है, जो शरीर को ठंडक प्रदान करने, निर्जलीकरण से बचाने तथा थकान दूर करने में सहायक होता है। भीषण गर्मी में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों के लिए यह फल स्वास्थ्य की दृष्टि से विशेष रूप से उपयोगी माना जाता है।

# आसमान से बरस रही आग, सड़कों पर पसरा सन्नाटा, बेहाल हुआ जनजीवन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम**

इन दिनों आसमान से बरसती आग ने पूरे जनजीवन को झुलसा कर रख दिया है। सुबह होते ही सूरज अपने तेवर दिखाने लगता है और देखते ही देखते दोपहर तक हालात ऐसे हो जाते हैं मानो धरती तपते तवे में बदल गई हो। तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों का घर से निकलना दूभर कर दिया है। सुबह 9 बजे के बाद से ही सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगता है। जो लोग जरूरी काम से बाहर निकलते भी हैं। वे सिर पर गमछा, टोपी और चेहरे को ढककर खुद को बचाने की कोशिश करते हैं, लेकिन यह इंतजाम भी नाकाफी साबित हो रहे हैं। गर्म हवाओं के झोंके ऐसे लगते हैं मानो आग के गोले सीधे शरीर को झुलसा रहे हों। स्थिति यह है कि राहत देने वाले पारंपरिक उपाय भी बेअसर नजर आ रहे हैं। बर्फ के गोले, गन्ने का रस, आइसक्रीम, नारियल पानी और कोल्ड ड्रिंक-सब कुछ इस प्रचंड गर्मी के आगे फीके पड़ते दिख रहे हैं। प्यास बार-बार लग रही है, लेकिन शरीर को ठंडक नहीं मिल पा रही। इस भीषण गर्मी का असर केवल इंसानों तक सीमित नहीं है। पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। पेड़-पौधे झुलस रहे हैं, तालाब और जलस्रोत सूखने की कगार पर हैं। सड़कों और गलियों में घूमने वाले मवेशी पानी और छांव की तलाश में भटकते नजर आ रहे हैं। कई जगहों पर लोग पक्षियों और जानवरों के लिए पानी की व्यवस्था करने में जुटे हैं, जो मानवता की एक छोटी लेकिन अहम मिसाल है। दोपहर के समय बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहता है। व्यापारियों का कहना है कि भीषण गर्मी के कारण ग्राहक घरों से बाहर नहीं निकल रहे, जिससे कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। वहीं मजदूर वर्ग के सामने सबसे बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है, जिन्हें रोजी-रोटी के लिए इस तपती धूप में भी काम करना पड़ रहा है। शाम करीब 6:30 से 7 बजे के बाद ही सूरज की तपिश कुछ कम होती है और तब जाकर लोगों को थोड़ी राहत मिलती है।

**पृथ्वीम फाउंडेशन ने किया उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं का सम्मान**

# प्राथमिक शिक्षा सामाजिक एवं नैतिक विकास का आधार : योगिता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम**



शासकीय प्राथमिक शाला किरवई में कक्षा पहली से पांचवीं तक के परीक्षा परिणाम घोषणा के अवसर पर अंचल की प्रतिष्ठित समाजसेवी पृथ्वीम जनकल्याण समिति के सदस्यों ने स्कूल जाकर उत्कृष्ट एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया। पृथ्वीम फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा ने बताया कि राजिम नवापारा क्षेत्र के स्कूलों द्वारा परीक्षा परिणाम जारी किया जा रहा है। फाउंडेशन अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुवे परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन एवं पुरस्कृत करने का कार्य कर रही है। कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनके आगे शिक्षा का राह प्रशस्त करने का जिम्मा पृथ्वीम फाउंडेशन ने उठाया है। प्राथमिक स्कूल शिक्षा की नींव होती है। प्राथमिक शिक्षा सामाजिक एवं नैतिक विकास का आधार है। जिसे मजबूत करने का प्रयास पृथ्वीम वेलफेयर सोसाइटी कर रही है। उसी कड़ी में ग्राम किरवई के प्राथमिक स्कूल के परीक्षा परिणाम के अवसर पर बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। स्कूल के सभी बच्चों को चॉकलेट का वितरण किया गया है।

**रेणुका ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश-** प्राथमिक शाला किरवई के बच्चों को ग्रीन आर्मी की अध्यक्ष रेणुका तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। बच्चों को अपने घरों एवं आसपास खुले स्थानों में फलदार एवं अन्य पौधे लगाकर पर्यावरण को हरा भरा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण असंतुलन का मुख्य कारण पेड़ पौधों की कटाई है। हमे अधिक से अधिक पेड़ लगाकर ग्लोबल वार्मिंग से निजाद पाना होगा। परीक्षा परिणाम घोषणा के अवसर पर स्टेला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूजा सायरानी, समाजसेविका सविता गोस्वामी, वरिष्ठ नागरिक कुमार दुबे, प्रधानपाठक खेलन राम साहू, शिक्षिका मधु,मानकी चंदेल, उषा साहू, संतोषी साहू, पंच प्रतिनिधि ईश्वर साहू, पालक प्रतिनिधि लता साहू, संतु राम मारकंडे, कोमल साहू, उमेश साहू, पालकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**पेज 11 के शेष...**

### 4 महीने से मनरेगा...

पंचायतों की ओर से मजदूरों को तीन-चार माह से पैसे की कमी का हवाला देकर भुगतान के लिए सिर्फ समय दिया जा रहा है।

**काम के एवज में भुगतान नहीं-** बताया जा रहा है कि सरपंचों के पास भी भुगतान के लिए कोई निर्देश नहीं है और तो और पंचायतों के खजाना भी खाली है। किसी अन्य मद से भुगतान करना भी पंचायतों के लिए आर्थिक तंगी ने मुश्किले खड़ी कर दी है। रोजगार गांरटी के तहत पुरूषों और महिलाओं से बतौर मजदूर कार्य लिया गया है। इस संबंध में मंगल सिंह ध्रुव, देवकी बाई, रमशिला बाई, बिंदिया बाई, राधिका यादव, सुन्ती ठाकुर, मनराखन मरकाम, जागेश्वर ध्रुव, रामेश्वर पटेल, विशाल साहू ने बताया कि पंचायत द्वारा लगातार काम कराया जा रहा है, लेकिन मजदूरी भुगतान को लेकर समय-सीमा तय नहीं की है। बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को अब तक योजना के तहत करोड़ों रुपए आबंटित नहीं किया है। गरियाबंद जिले सहित प्रदेशभर में काम के एवज में भुगतान नहीं किया है। जनपद पहुंचे मजदूरों ने कहा की पिछले 3-4 माह से लगातार मजदूरी के लिए चक्कर लगा रहे है इन दिनों शादी विवाह का सीजन चल रहा है और मजदूरी भुगतान नहीं होने के कारण भारी परेशानी हो रही है और तो और घर परिवार का खर्च चलाना मुश्किल साबित हो रहा है। स्थानीय अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते है लेकिन पैसा कब आयेगा कोई बताने वाला नहीं है।

### छुईहा-बहानाकाड़ी ...

शासन द्वारा 1 करोड़ 5 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस मार्ग के बन जाने से क्षेत्र के आवागमन में सुगमता आएगी और ग्रामीणों को कीचड़ व जर्जर सड़क की समस्या से निजात मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष इन्द्राणी नेहरू साहू करेंगी।

### अधूरे पेंशनर भवन...

नगर पालिका परिषद गरियाबंद का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में पेंशनर समाज के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में जल्द से जल्द भवन निर्माण पूरा कराने की मांग उठाई।

### शराब दुकान के ...

नजर नहीं आ रहा था। एक ओर जहाँ पुलिस इसे लू और अत्यधिक शराब से जुड़ी मौत मान रही है, वहीं मृतक के परिजनों ने इस पर संदेह व्यक्त किया है। घर वालों का कहना है कि टिकेश्वर शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ था। अभनपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की विवेचना कर रही है।

**खबर संक्षेप**



## दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल राजिम को सीबीएसई से मिली मान्यता

**नवापारा-राजिम।** राजिम क्षेत्र के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। जहाँ राजिम स्थित दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई से आधिकारिक संबद्धता एफिलेशन प्राप्त हो गई है। इससे अब विद्यालय में सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विद्यालय का संबद्धता क्रमांक 3330571 है और यह छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में स्थित है। उक्त विद्यालय की स्थापना वर्ष 2019 में हुई थी और वर्तमान में यह माध्यमिक स्तर तक संचालित होगा। स्कूल का संचालन मानव रचना एजुकेशन सोसायटी द्वारा किया जा रहा है।सीबीएसई द्वारा यह संबद्धता 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक के लिए प्रदान की गई है। संस्था के प्रेसिडेंट प्रकाश दावड़ा व चेयरपर्सन प्रगति दावड़ा मिरानी ने कहाकि सीबीएसई मान्यता प्राप्ति हम सभी के लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी का विषय है. यह उपलब्धि केवल विद्यालय के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस सफलता के पीछे हमारे समर्पित सेंटर हेड, प्राचार्य, शिक्षकों, कर्मठ स्टाफ, विद्यार्थियों और अभिभावकों का सहयोग एवं विश्वास निहित है। हम सभी ने मिलकर शिक्षा के उच्च मानकों को प्राप्त करने का जो संकल्प लिया था, आज वह साकार होता दिखाई दे रहा है।

## बेलटुकरी में 50 लाख के सीसी रोड व नाली निर्माण को मिली मंजूरी

**राजिम।** क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई देने के संकल्प के साथ राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू ने ग्रामीणों को एक बड़ी सौगात दी है। बेलटुकरी से किरवई मार्ग पर बेलटुकरी गायत्री मंदिर से लेकर पंचायत भवन तक किमी 4/2 से 4/6 बहुप्रतीक्षित सीसी रोड सह नाली निर्माण के लिए शासन ने लगभग 50 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। वर्षों से जर्जर सड़क और जलभराव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए यह खबर किसी बड़े सौगात से कम नहीं है। इस स्वीकृति के बाद से ही पूरे गांव में हर्ष का माहौल है और ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों के सालों का इंतजार अब खत्म होगा। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गायत्री मंदिर से पंचायत भवन तक का मार्ग काफी संकरा और कच्चा होने के कारण बरसात में आवागमन दूभर हो जाता था। नाली न होने से घरों का पानी सड़क पर बहता था। अब सीसी रोड और नाली बनने से यातायात सुगम होगा और गांव में स्वच्छता का स्तर भी सुधरेगा।



## हीट स्ट्रोक व हीट वेव में तिहार या अत्याचार : आलोक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने हीट स्ट्रोक व हीट वेव में कुशासन की पर्याय बन चुकी छग सरकार की 1 मई से सुशासन रूपी नौटंकी करार देते हुए कहा है कि आज छग सुशासन नहीं, कुशासन की चपेट में है। राज्य में सरकार के संरक्षण से प्रशासन और अपराधियों की जुगलबंदी से महिला, युवतियां व मासूम बच्चियों पर अत्याचार, अफीम की खेती, चाकूबाजी सहित सभी प्रकार के अपराध चरम पर है। चंद्राकर ने कहा कि हीट स्ट्रोक व हीट वेव को लेकर डाक्टरों की लगातार एडवाइजरी जारी करने के बाद भी हेलीकॉप्टर, लग्जरी वाहन, एसी कमरे बैठ कर निर्णय लेने वाले अपनी कमियों को छिपाने तिहार के नाम पर अपने कर्मचारियों और जनता पर अत्याचार कर रही है। महिला शक्तियां केवाईसी के नाम से परेशान हैं, किसान धान खरीदी में हलाकान थे, अभी खाद के नाम से चिंतित है। क्योंकि खाद का भंडारण करने में सरकार असफल है। महिलाएं 500 में गैस मिलने का इंतजार कर रही है। बच्चियां ना सड़क पर और ना ही हॉस्टल आश्रम में सुरक्षित हैं।

**सम्मेलन : मैनपुर में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज जिला स्तरीय सम्मेलन में विशाल शोभायात्रा निकली**

# गोंड़ समाज सजगता के साथ अपने अधिकारों के लिए कार्य कर रहा : पन्ना लाल ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में गुरूवार को आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज जिला शाखा गरियाबंद द्वारा वार्षिक महासभा का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 3 बजे ईष्टदेव बुढ़ादेव की पूजा अर्चना कर आदिवासी पारंपरिक नृत्य के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। यह कलश यात्रा जनपद पंचायत से होते हुए मुख्यमार्ग और नगर का भ्रमण करते कार्यक्रम सभा स्थल पहुंची जहां विशाल सभा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज प्रांताध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव, आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज जिला अध्यक्ष पुरनसिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमति लोके"वरी नेताम, जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, जनपद सदस्य कुमारीबाई पटेल, भाजपा नेता नंदनी नेताम, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, कोसिंग नेताम, जिला मिडिया प्रभारी रामकृष्ण ध्रुव, पूर्व सरपंच नोकेलाल ध्रुव, ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच हनिता नायक, यादव समाज युवा अध्यक्ष गेंदु यादव, उमेंदी कोर्राम, नीलकंठ ठाकुर, अंजोर सिंह नेताम एवं आदिवासी समाज के प्रमुखजनो सहित लगभग 5 हजार से अधिक लोग कार्यक्रम मे उपस्थित है। प्रांताध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव ने कहा की आदिवासी समाज की एक अलग परंपरा और संस्कृति है जिसे हमें संजोकर रखना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष पुरनसिंह ठाकुर ने कहा की आज इस कार्यक्रम मे प्रदेश के आदिवासी मंत्री रामविचार नेताम जी शामिल होने वाले थे लेकिन विधानसभा मे विशेष सत्र के चलते कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए लेकिन उन्होने समाज के लोगों को संदेश मोबाइल के माध्यम से दिया है कि आने वाले समय में वे जरूर कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा की आज आदिवासी समाज को गहन चिंतन करने का समय है समाज को एकसूत्र में बांधने के लिए सभी को एक मंच पर आने की जरूरत है। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम कहा की आदिवासी समाज क्षेत्र में काफी सजगता के साथ अपने अधिकारों के लिए कार्य कर रहा है। जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, मिडिया प्रभारी रामकृष्ण ध्रुव, नोकेलाल ध्रुव, नीलकंठ ठाकुर, जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम एवं अन्य अतिथियो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के युवाओ की अब जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि समाज के युवा समाज के रीति रिवाज और सांस्कृति परम्परा को आगे बढायेंगे।

**ये रहे शामिल-** आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के जिला अध्यक्ष पुरनसिंह ठाकुर, प्रांताध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव, राधेश्याम मरई, बुधेश्वर ध्रुव, निहाल नेताम, राजकुमार नेताम, लालसिंग मरई, प्रहलाद ध्रुव, डाकेश्वर ध्रुव, गंगाराम नेताम, अशोक मरकाम, अंजोरसिंह कुंजाम, संतुराम नेताम, अशोक ध्रुव, भानुप्रताप ध्रुव, बृजलाल ध्रुव, नोकेलाल ध्रुव, रामसिंग ध्रुव, रामकृष्ण ध्रुव, नीलकंठ ठाकुर, शिवदर्शन ध्रुव, अंजोर सिंह नेताम, तोरण ध्रुव, मलेशुराम ध्रुव, रामसिंग मरई, नोहर सिंह ध्रुव, कमलेश ध्रुव, सोहन ध्रुव, सुकचंद मरकाम, रायसिंग ध्रुव, अघनसिंग ध्रुव, कन्हैया ध्रुव, मोतीराम ध्रुव, कोसिंग नेताम, खगेश्वर छेदईया, नंदकिशोर ध्रुव, बृजलाल मरई, बालाराम, तेजराम नेताम, पुरूशोत्तम मरकाम, गणेश कुंजाम, भरतसिंह ध्रुव, जनक ध्रुव, प्रेम ध्रुव, बुधारू ध्रुव, बुड़ान ध्रुव, तिजराज नेताम, बिसाहू कुंजाम, कोमन नेताम, शिवराम ध्रुव, पुरानिक ध्रुव, माखन ध्रुव, कृष्ण मरई, कल्याणसिंग ध्रुव, रामे"वर ध्रुव, पुरूशोत्तम ध्रुव, लीलाराम ध्रुव, यशवंत ध्रुव, महिला प्रकोष्ठ भुनेश्वरी ध्रुव, उर्वशी नेताम, दुलम ध्रुव, मंजु ध्रुव, हेमलाल ध्रुव, गोरेलाल ध्रुव, उमेंदी ध्रुव, पुरन ध्रुव, खेमन नेताम, राकेश ध्रुव, डाके"वर ध्रुव, मुकुंद मरकाम, शंकर नेताम, पवन कुमार नेताम एवं हजारो की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित है।





### समाजिक गतिविधियों पर रातभर होगी चर्चा

लंबे वर्षों के बाद मैनपुर में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमे शामिल होने पूरे जिले भर से हजारो की संख्या मे समाज के लोग पहुंचे है जिनके लिए विशाल भंडारा भोजन व्यवस्था व्यवस्थित ढंग से किया गया है। पूरे नगर और क्षेत्र में आज आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली तो वही रात 9 बजे के बाद समाजिक परिचर्चा और समाज के विकास और उत्थान के लिए वरिष्ठजनो द्वारा रातभर विचार विमर्श किया जायेगा।



## भैंसामुड़ा में योग शिविर ग्रामीणों ने सीखा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम भैंसामुड़ा में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए योगाचार्य मिथलेश सिन्हा के मार्गदर्शन में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने विशेष रूप से शीतली एवं शीतकारी प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये प्राणायाम गर्मी के मौसम में शरीर को शीतल बनाए रखने में अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने बताया कि नियमित अभ्यास से शरीर का तापमान संतुलित रहता है, मानसिक शांति मिलती है तथा लू और गर्मी से होने वाली समस्याओं से बचाव होता है। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को इन प्राणायामों की सही विधि भी सिखाई गई और दैनिक जीवन में इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस योग सत्र में विशेष ध्यान सत्र आयोजन किया गया, जिसमें ध्यान प्रशिक्षक महेंद्र द्विवेदी द्वारा साधकों को आना-पाना सती ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस ध्यान विधि में श्वास के आने-जाने पर सजगता बनाए रखने की तकनीक सिखाई गई, जिससे मन को शांत और एकाग्र करने में सहायता मिलती है। कार्यक्रम के दौरान महेंद्र द्विवेदी ने बताया कि आना-पाना सती ध्यान नियमित अभ्यास से मानसिक तनाव कम करता है और आत्मिक शांति प्रदान करता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को सरल तरीके से ध्यान करने की विधि समझाई तथा दैनिक जीवन में इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खेलन, चंद्रशेखर, पालेश्वर, ब्रम्हासिंह, ओमेश्वरी, छमेश्वरी, सत्यभामा, ज्योति, तुलसी, जया, चांदनी एवं अन्य उपस्थित थे।

# एनसीसी के छात्रसैनिकों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

■ एनडीआरएफ द्वारा कार्यशाला एवं प्रशिक्षण

कलेक्टर जिला गरियाबंद के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा कार्यालय गरियाबंद के आदेशानुसार सेजेस राजिम में एनसीसी अधिकारी व्याख्याता सागर शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एनसीसी के छात्र सैनिकों तथा अन्य छात्रों एवं शिक्षको को आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला रामबिशाल पाण्डेय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राजिम में आयोजित कर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में संपूर्ण प्रशिक्षण थर्ड बटालियन कटक ओडिशा के एन डी आर एफ की टीम द्वारा दिया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन के अंतर्गत बाढ़ आने के पूर्व व बाद में, भूकंप आने पर ,फायर सेफ्टी,आग लग जाने पर, सिलेंडर में आग लगने पर, बिजली के गिरने पर, पानी में डूबने पर, प्राकृतिक आपदा, जानवरों के काटने पर जैसे कुत्तों या बिल्ली के काटने, छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले सांप के काटने पर, मधुमक्खी एवं अन्य जीवों के काटने ,अचानक दुर्घटना या शारीरिक क्षति होने पर प्राथमिक उपचार एवं बचाव, सी पी आर देना आदि अन्य तरीकों से क्या और कैसे बचाव किया जा सकता है जैसे विषयों पर छात्रसैनिकों को प्रबंधन के तरीकों से प्रशिक्षित किया गया जिसमें उन्हें डेमो के माध्यम से कर के दिखाया गया प्रशिक्षण के दौरान सभी छात्र सैनिक उत्साहित हो प्रशिक्षण में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कटक उड़ीसा के एन डी आर एफ की थर्ड बटालियन से आए टीम के टीम कमांडर एस आई सौरभ कुमार साहू , सीनियर रेस्क्यू ऑफिसर विश्वनाथ साहू, सीनियर रेस्क्यू ऑफिसर माशूक अलाही , इंस्ट्रक्टर आशादीप त्रिपाठी, शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन दुष्यंत ध्रुवा ,व्याख्याता कमल सोनकर, व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़, व्याख्याता पिंकी तारक के अलावा अन्य शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र सैनिक, विद्यार्थीगण एवं राजिम में चल रहे निशुल्क सैन्य भर्ती प्रशिक्षण के प्रशिक्षु छात्र शामिल रहे।



## सशिमं का स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित

**फिंगेश्वर।** श्री बालाजी शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर का वार्षिक परीक्षा परिणाम सत्र 2025–26 स्थानीय कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित। विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम 88.96 प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत फिंगेश्वर के उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य दीपक शुक्ला एवं विशिष्ट स्थिति के रूप में समिति के कोषाध्यक्ष पूनम यादव एवं समिति के अध्यक्ष अरेंद्र पहाड़िया थे। कक्षा उदय–प्रथम बहन यामिनी यादव,द्वितीय स्थान भैया आयुष निषादएवं तृतीय स्थान बहन माही निषाद, कक्षा अरुण मे प्रथम स्थान खेल प्रिया साहू, द्वितीय स्थान भौमया, तृतीय कनक साहू, कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान भैया दुर्गेश कुमार साहू, द्वितीय स्थान त्रिहास यादव, केशव राम, तृतीय-जागृति साहू, कक्षा द्वितीय–प्रथम दीक्षा, द्वितीय स्थान मानवी साहू, अमित चक्रधारी, तृतीय स्थान भुवंश यदु, कक्षा तृतीय-प्रथम स्थान होमिका साहू इन भैया बहनों ने कक्षा में स्थान प्राप्त किया।

## प्राथमिक शाला बारुला का शानदार परीक्षा परिणाम



**फिंगेश्वर।** शैक्षणिक सत्र 2025–26 को गुरुवार को कक्षा पहली से पांचवी तक के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया,जिसमे शासकीय प्राथमिक शाला बारुला से कक्षा पांचवी केंद्रीय कृत परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। परिणाम में रुद्र प्रताप यादव, 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं पर चित्रलेखा साहू 94.4 प्रतिशत अर्जित कर द्वितीय स्थान रही। इसी प्रकार शुभम कुमार साहू 90.9 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवी में कुल 11 छात्र छात्रओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला का नाम रोशन किया है परीक्षा परिणाम के अवसर पर शाला में जगन्थ गुप्ता, दर्शन साहू, शेखर साहू, रुक्मणी साहू, अनीता बांधे, राधिका साहू, चंद्रकांत साहू, प्रधान पाठक लता ध्रुव, मोती ध्रुव, हीरावन लाल साहू, कमलकांत सेन आदि उपस्थित थे।

## रूपाली निर्मलकर ने 12 वीं में 86.4% प्राप्त कर गौरव बढ़ाया



**राजिम।** ग्राम पंचायत बरोंडा की कु.रूपाली निर्मलकर पिता अशोक कुमार ने हायर सेकेंड्री स्कूल बरोंडा के कक्षा 12 वीं, गणित संकाय में 86.4% के साथ प्रथम स्थान और पूरे 12 वीं कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता और समाज का गौरव बढ़ाया। जिससे उसके परिवार वालों में खुशी की लहर है वही धोबी समाज से बधाई देने, अरूण निर्मलकर, राजेश निर्मलकर, अशोक निर्मलकर आत्मा निर्मलकर, हरगोविंद निर्मलकर,भारत निर्मलकर, हेमंत निर्मलकर, टीपू निर्मलकर, चंद्रकांत निर्मलकर ने बधाई दी।

## हरदी स्कूल के मेधावी बच्चों को 15 अगस्त पर मिलेगा विशेष सम्मान



**छुरा।** प्राथमिक शाला हरदी में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजा अर्चना करते हुए जनप्रतिनिधिगनो द्वारा शुरुआत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत गुलाल से किया। मुख्य अतिथि के रूप में रुपनाथ बंजारे उप सरपंच ग्राम हरदी एवं अध्यक्ष उप सरपंच छुरा ने कहा की पहली कक्षा से लेकर पांचवी कक्षा तक प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान पाने वाले बच्चों को उप सरपंच के तरफ से ट्राफी एवं शील्ड 15 अगस्त के दिन सम्मानित किया जाएगा। जिससे बच्चों की मनोबल को बढ़ावा मिलेगा और पढ़ाई के क्षेत्र में दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढे। कक्षा पहली में विभा 96प्रतिशत प्रथम स्थान, गुलशन 94प्रतिशत द्वितीय स्थान, देवांशु 86.66प्रतिशत तृतीय स्थान, कक्षा दूसरी में जागृति 97.33प्रतिशत प्रथम स्थान, एकता 94.66प्रतिशत द्वितीय, तोमेश्वर84प्रतिशत तृतीय,कक्षा तीसरी में हेमाक्षी 94प्रतिशत प्रथम, लीना 86.33प्रतिशत द्वितीय, निशा 84.33प्रतिशत तृतीय, कक्षा चौथी में खुशबू 95प्रतिशत प्रथम, साधना 94प्रतिशत द्वितीय, कौशल 92 प्रतिशत तृतीय रहे। कार्यक्रम में पालकगण रामेश्वरी मरकाम, थमेश, सिकन्दर, भूपेंद्रराजाराम कंवर एवं प्रधानपाठिका मार्कण्डेय मेडम उपस्थित थे। व कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी ने किया।

# तनीषा साहू 96.80 प्रतिशत के साथ प्रदेश में आठवें स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम 2026 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. स्व.श्री मिलउदास कोसरिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा की छात्रा कुमारी तनीषा साहू पिता संजय साहू ने 96. 80% अंक अर्जित कर प्रदेश के प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है जिले की प्रेरणास्त्रोत प्रतिभावान विद्यार्थी तनीषा साहू के इस शानदार उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार, कौन्दकेरा ग्राम, क्षेत्र और जिले में खुशी एवं गर्व का माहौल है इस बच्ची ने नया इतिहास रचकर गरियाबंद जिला और राज्य को गौरांवित किया है गौरतलब है कि विज्ञान संकाय की छात्रा तनीषा ने 500 में 484 अंक हासिल की है सभी विषयों में डिस्टेंशन है केमिस्ट्री 99, व्यवसाय अध्ययन, गणित, हिन्दी, भौतिकी में क्रमशः 98, 98, 97, 92 अंक प्राप्त किया है। साधारण परिवार में पली बढ़ी बेटी तनीषा शुरू से ही मेधावी छात्र रही है अपनी स्वर्णिम सफलता का श्रेय अपने पिता संजय साहू माता द्रोपती साहू और शिक्षकों को दी है। प्रतिदिन 7 से 8 घंटा निर्मित पढ़ाई करती रही साथ ही शिक्षकों का निरंतर मार्गदर्शन से ही इस मुकाम तक पहुंची है। आगे कहती है कि सरकारी स्कूल में हमारे सभी शिक्षक बहुत अच्छे से पढ़ाते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर पिता संजय एक साधारण किसान है इस चुनौती पूर्ण माहौल में भी उनकी यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि कठिन परिस्थिति के बावजूद मेहनत और लगन से बड़ी सफलता प्राप्त की जा सकती है आगे की पढ़ाई को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहती है इस महत्वपूर्ण सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीतसिंह धीर, राजिम क्षेत्र विधायक रोहित साहू ने और विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू ने मोबाइल के माध्यम से बच्ची को शुभकामनाएं दिए। जिला पंचायत सभापति नंदिनी साहू विद्यालय ने आगे की पढ़ाई के लिए हर संभव मदद करने की बात कही। प्राचार्य एमआर रात्रे, शालाप्रबंधन समिति अध्यक्ष ओंकार साहू, जनपद अध्यक्ष रामेश्वरी कुर्रे, सरपंच राधिका मनोज यादव, उपसरपंच चांदनी भूषण साहू ,संकुल समन्वयक नरेशसाहू, सहकारी समिति अध्यक्ष बाबूलाल साहू, संतोष साहू, ममता ध्रुव, मीना बाई साहू एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने तनीषा साहू को शुभकामनाएं दिए।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बम्हनी, खुटेरी, सलडीह एवं लंबर में आज किया जाएगा समाधान शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** नागरिकों को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 01 मई से 05 जून 2026 तक जिले में कुल 41 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें महासमुंद विकासखंड में 10, बागबाहरा में 7, पिथौरा में 9, बसना में 7, सरायपाली में 7 तथा तुमगांव नगरीय निकाय में एक क्लस्टर शामिल है। शिविरों में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लाभ वितरण भी किया जाएगा। समाधान शिविर का आयोजन 01 मई 2026 को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के हाई स्कूल मैदान में आयोजित होगा, जिसमें 16 ग्राम के नागरिकों का मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खुटेरी के प्राथमिक शाला खुटेरी में आयोजित समाधान शिविर में 17 ग्रामों के नागरिक शामिल होंगे। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सलडीह के पंचायत भवन के सामने शिविर का आयोजन होगा, जिसमें 20 ग्रामों के नागरिकों से आवेदन लिए जाएंगे एवं बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लम्बर के हाई स्कूल लम्बर में आयोजित शिविर में 20 ग्रामों के नागरिकों के आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

### कामेश और लीना रहे प्रथम स्थान पर

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम डोकरपाली के भाई-बहन कामेश और लीना कुमारी ने 12 वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित किया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना स्कूल में कक्षा 12वीं गणित संकाय के छात्र कामेश कोसरिया ने गणित विषय में 100 में 99 अंक हासिल कर 86.8% प्रतिशत अंक और छात्रा लीना कोसरिया ने विज्ञान संकाय में 89.4% प्राप्त कर अपने शिक्षक-शिक्षिका और माता-पिता (अनिता-गोवर्धन कोसरिया, सावित्री-स्व गुलापदास कोसरिया) को गौरवान्वित किया।

### गोस्वामी समाज जिला इकाई का निर्वाचन 3 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई का निर्वाचन 3 मई को होने वाला है। जिसके लिए सामाजिक संविधान में दिए गए नियमानुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा - आपत्ति करने के लिए दो दिनों का समय दिया गया था। निर्धारित समयावधि में प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के पश्चात निर्वाचन अधिकारी सुशील गिरि तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय पुरी के द्वारा 30 अप्रैल को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया, जिसके आधार पर निर्वाचन कार्य संपन्न होगा। इस अवसर पर वर्तमान जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, सचिव ओमप्रकाश पुरी तथा कोषाध्यक्ष डिगेंद्र गिरि उपस्थित थे।

### पूर्व पालिकाध्यक्ष राशि ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान



**महासमुंद।** क्षेत्र के हायर सेकेंडरी व हाई स्कूल परीक्षाओं में प्रथन श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले मेधावी छात्र द्वय का सम्मान महिला कांग्रेस राष्ट्रीय समन्वयक पूर्व पालिकाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने निवास स्थान जाकर किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व पालिकाध्यक्ष महिलांग के समर्थक नीरज परोहा ने बताया कि कक्षा बारहवीं के छात्र क्षितिज पांडे पिता-माता अजय /रूपा पांडे का 93 प्रतिशत अंक प्राप्ति पर व मिथलेश कागजी पिता-माता टोमन सिंह /ओमिन कागजी ने कक्षा 10 वीं में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। उक्त सम्मान कार्यक्रम में महिलांग के साथ कांग्रेस नेत्री गंगा बाघ, सलमान खान, ईशा टंडन, अनमोल चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

## नतीजे : गरियाबंद जिले ने 12वीं में हासिल किया चौथा स्थान

# जिले में कक्षा 12वीं का 92.89 प्रतिशत दसवीं का 84.16 प्रतिशत रहा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कल कक्षा 10 वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। जिला प्रशासन की नवाचारी पहल गौरव गरियाबंद अभियान के फलस्वरूप बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में जिले के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जिले में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 92.89 प्रतिशत एवं दसवीं का 84.16 प्रतिशत रहा। जो कि पिछले वर्ष की तुलना में कक्षा बारहवीं में 3 प्रतिशत एवं दसवीं में 4 प्रतिशत की वृद्धि रही। कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में जिले के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। इसके फलस्वरूप राज्य स्तर की रैंकिंग में कक्षा बारहवीं में 33 जिलों में पांचवा स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में 14वें स्थान हासिल किया है। जिले के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए कलेक्टर बीएस उइके ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए लगातार अच्छे काम करने एवं छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों एवं शिक्षकों के मेहनत की भी प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में कक्षा 12वीं में 5 हजार 506 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 5 हजार 473 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

■ कलेक्टर उइके ने टॉपर विद्यार्थियों का किया सम्मान



### परीक्षा परिणाम एक नजर में

शामिल विद्यार्थियों में से 3 हजार 571 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन, 1 हजार 473 विद्यार्थी सेकंड डिवीजन एवं 32 विद्यार्थी थर्ड डिवीजन से पास हुए। पूरक आने वाले विद्यार्थियों की संख्या 300 रही। इस प्रकार 5 हजार 76 विद्यार्थी उत्तीर्ण एवं 88 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस प्रकार पासिंग प्रतिशत 92.89 रहा। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में 7 हजार 408 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 7 हजार 287 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 7 हजार 263 विद्यार्थियों का परिणाम घोषित किया गया। इन विद्यार्थियों में से 3 हजार 716 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन, 2 हजार 286 विद्यार्थी सेकंड डिवीजन एवं 111 विद्यार्थी थर्ड डिवीजन से पास हुए। पूरक आने वाले विद्यार्थियों की संख्या 539 रही। इस प्रकार 6 हजार 113 विद्यार्थी उत्तीर्ण एवं 611 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस प्रकार पासिंग प्रतिशत 84.16 रहा।

### अनुशासन और निरंतरता ही सफलता की कुंजी

इस दौरान टॉपर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे नियमित रूप से पढ़ाई करते हैं और अपने दैनिक टाइम-टेबल का पालन करते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखना ही उनकी सफलता का मुख्य आधार है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान अनुशासन में रहना बेहद जरूरी है। साथ ही कहा कि वे मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करते थे। कलेक्टर ने जल जीवन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, डीएमसी शिवेश शुक्ल, मनोज केला, श्याम चंद्राकर, बुद्धविलास सिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थियों के अभिभावक एवं मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

## सेंदर स्कूल का बोर्ड परीक्षाओं में दबदबा धनंजय एवं लिशा साहू ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परिणाम घोषित किए गए। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सेंदर विद्यालय का प्रदर्शन बोर्ड परीक्षाओं में भी सराहनीय रहा। प्राचार्य मेघा ठाकरे ने बोर्ड परीक्षा के गौरवशाली परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल रहे। कक्षा 12वीं में लिशा साहू 86% अंकों के साथ प्रथम, एवरतन साहू 85% के साथ द्वितीय, दुर्गा साहू 82% एवं *सोनम 80% अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं कक्षा 10वीं में धनंजय साहू 92% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान पर रहे। गायत्री वर्मा 88%, छत्रपाल बारले 87% तथा हेमलता देवांगन 84% अंक अर्जित कर उत्तीर्ण हुईं। इस मौके पर ओमप्रकाश योगेश रामू,मेघा ठाकरे हेमलता साहू ,गुलशन नंदा नेताम ,जय प्रकाश वर्मा रमेश कुमार ध्रुव ,नीतू यदु ,गार्गी कश्यप ,सविता झा रोहित धुर्वे पूनाराम यादव ,आशतोष कुर्रे ,परागा बारले प्रतिमा चंद्राकर हेमंत कुमार गायकवाड़ ,सुनंदा आसनी ,दीप कुमार बांधे कृष लाल साहू ,देवानंद शिक्षक,पालक प्रबंध समिति, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पाटसिवनी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**पाटसिवनी(पिपरहट्ठा)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2025-26का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसिवनी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में यामिनी साहू पिता नेतराम साहू 84.66% अंक अर्जित किया। कक्षा 12वीं में निधि साहू पिता दिलीप साहू 82.02% अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। प्राचार्य पीएल ध्रुव, शिक्षक गण डीके टंडन, एच.आर गायकवाड़, डीके डहरिया, आरपी मांडले, एल भारती, वीणा प्रधान, एस. सतपथी, डी एस गायकवाड़,एच.वर्मा, आर. पी. साहू, सी. श्रेय एवं समस्त स्कूल स्टॉप ने बधाई दी है।



### पंक्तियां स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंक्तियां का परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं में अंजलि साहू (पिता-चूड़ामण, माता-अहिल्याबाई, ग्राम कनेसर) ने 89.83% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। खुशी ने 85% अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं वासनी ने 80% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुंदन लाल पिता– बसंत राम, माता– कुंती बाई, ग्राम कनेसर ने 88.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अजय कुमार यादव 86% अंकों के साथ द्वितीय तथा नागेश्वर यादव 83.6% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। संस्था की प्राचार्य श्रीमती अंजलि छतरे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि "शिक्षा वह ज्योति है, जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। कठिन परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।





### 12 वीं के टॉपर प्रेमीन सोनकर का सम्मान

**राजिम।** शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल राजिम के होनहार छात्रा प्रेमीन सोनकर 96.40% अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ में टॉप टेन में दसवां स्थान प्राप्त किया है। कॉमर्स संकाय की यह छात्रा ने सभी पांचो विषयों में डिस्टेंसन प्राप्त किया है, नगर की बेटी प्रेमिन सोनकर के टॉप टेन में दसवां स्थान हासिल करने पर पूरे नगर में खुशी का माहौल है। गुरूवार को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवकी साहू, सदस्य मधु नत्थानी, सोमनाथ पटेल सम्मान किया।

### अस्मिता ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

**मुड़ागांव (कोरासी)।** सरस्वती शिशु मंदिर छुरा की छात्रा कुमारी अस्मिता साहू ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 92.33% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। अपनी इस उपलब्धि से उन्होंने न केवल अपने विद्यालय और परिवार, बल्कि ग्राम खड़मा का भी नाम रोशन किया है। विदित हो कि कुमारी अस्मिता साहू ग्राम खड़मा निवासी शिक्षक मनहरण लाल साहू एवं शिक्षिका डागेश्वरी साहू की सुपुत्री हैं तथा त्रिलोचन लाल साहू की भतीजी हैं।





### स्कूल सफाई कर्मचारी की बेटी ने 12वीं में किया टॉप

**नवापारा-राजिम।** हसदा नं. 2 के शास उच्च मा विद्यालय में कार्यरत सफाई कर्मचारी ऋषि यादव की बेटी कुमारी बिंदिया यादव ने बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं गणित संकाय में 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल स्कूल का नाम रौशन किया है बल्कि समूचे क्षेत्र के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि यदि मेहनत किए जाए तो सफलता कदम चुमती है। जानकारी के मुताबिक छात्रा बिंदिया की माता सिलाई मशीन में काम करती है। रोज 4 से 5 घंटा पढ़ने वाली छात्रा की मेहनत का परिणाम है कि वे अच्छे अंको से कक्षा 12वीं की परीक्षा पास हुई है। प्राचार्य एल एन साहू,सरपंच शशिप्रकाश साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामानंद साहू, समाजसेवी डामेश साहू, चंदन कश्यप सहित पूरे गांव के लोगो ने छात्रा को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

### बेलर स्कूल के त्रिवेणी और डिंपल सहित कई छात्रों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बेलर में 12वीं के छात्रा त्रिवेणी साहू 92%, डिंपल साहू 91%, मुस्कान 91%, टीना साहू 90% तथा दसवीं में धरना 90%, टामेश कुमार 90 % अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरानान्वित किया है। प्राचार्य कमल पांडेय, अध्यक्ष शालिक राम साहू, सरपंच सुमन लेखराम रात्रे, पंचराम दीवान, नोहर लाल साहू, संजय कुमार साहू, सुरेखा सेन, श्वेता साहू, योगेश्वरी साहू, अनिमेष साहू, ज्ञानेश्वर प्रसाद साहू, नंदकुमार निषाद, उत्तरा साहू, पम्पली नेताम, लक्ष्मीनारायण कुलदीप , भाजपा नेता खोमन साहू ,पुर्व अध्यक्ष मेहतरू राम सिन्हा, उपसरपंच हरि शंकर साहू, मालेछु ध्रुव, गणपत साहू मुकेश शर्मा, विष्णु साहू, रेखा साहू समस्त पालक सफल हुए छात्रों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### 10वीं बोर्ड में डिंपल पुरैना ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ मारी बाजी



**राजिम।** शास हाई स्कूल बकली में दसवीं बोर्ड परीक्षा में डिंपल पुरैना पिता विनोद पुरैना 82 % गंगा साहू पिता हरिचंद साहू 79% हिना साहू पिता ओमप्रकाश साहू 75% प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। प्राचार्य राजेंद्र नाग ,मनहरण यादव, सुधीर साहू, पुष्पांजलि तिवारी, सरोज सेन, सरपंच बिंदा-हीराधर साहू, धर्मेंद्र ध्रुव, ओमप्रकाश साहू, विजय भारती, दिनेश साहू, श्यामाचरण साहू ने शुभकामना दी है।

### खुशबू साहू ने कक्षा 8वीं में हासिल किया 90.67% अंक

**नवापारा-राजिम।** सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में अध्ययनरत कक्षा अष्टम की छात्रा खुशबू साहू ने 90.67% प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त की है। छात्रा खुशबु व्याख्याता पूरन साहू की सुपुत्री है।





### सेंदर स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**छुईहा बेलर।** शासकीय उच्चर माध्यमिक विद्यालय सेंदर की सभा कक्ष में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 6, 7, 8 एवं 9, 11 वीं के परिणाम गुरूवार को घोषित किए गए जिसमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच सेदर गामनी घृतलहरे,जिला भाजपा किसान मोर्चा मंत्री एवं पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू ,जबकि अध्यक्षता प्राचार्य मेघा ठाकरे ने की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को मोमेंटो भेंटकर किया प्रोत्साहित व सम्मानित किया। इस मौके पर ओमप्रकाश योगेश रामू, मेघा ठाकरे हेमलता साहू, गुलशन नंदा नेताम, जय प्रकाश वर्मा रमेश कुमार ध्रुव, नीतू यदु, गार्गी कश्यप, सविता झा, रोहित धुर्वे, पूनाराम यादव, आशतोष कुर्रे, परागा बारले, प्रतिमा चंद्राकर, हेमंत कुमार गायकवाड़, सुनंदा आसनी, दीप कुमार बांधे कृष लाल साहू ,देवानंद शिक्षक,पालक प्रबंध समिति, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### खोमेश सिंहा ने कक्षा 10वीं में हासिल किए 94.5% अंक



**मुड़ागांव(कोरासी)।** गरियाबंद जिला छुरा विकास खण्ड के ग्राम सोरिद खुर्द निवासी बृजभूषण के सुपुत्र खोमेश सिंहा ने कक्षा दसवीं में 94.5% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने रायपुर में रहकर स्वामी आत्मानंद स्कूल, बिन्नी बाई सोनकर भाठागांव रायपुर में अध्ययन करते हुए अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही जिला गरियाबंद कलार समाज में भी प्रथम स्थान हासिल कर अपने गांव और समाज का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर माननीय राजिम विधायक रोहित साहू ने फोन के माध्यम से बातचीत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा अपने निवास पर मिलने के लिए आमंत्रित किया है। खोमेश सिंहा की इस सफलता से पूरे ग्राम एवं समाज में हर्ष का माहौल है।

### दसवीं बोर्ड परीक्षा में इंडियन पब्लिक हाई स्कूल छुरा के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**छुरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2025-26 की दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इंडियन पब्लिक हाई स्कूल, छुरा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में युक्ति साहू ने 99.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं विभा साहू ने 80.16 प्रतिशत, ललिता साहू ने 80 प्रतिशत, पूर्वा चंद्राकर ने 73.16 प्रतिशत, तारणी ध्रुव ने 72.66 प्रतिशत तथा मनमीत कौर जाट ने 71.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने विद्यालय को एक नई पहचान दिलाई है। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, नियमित अध्ययन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इसी प्रकार प्रयास जारी रहेंगे। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, पालकों तथा नगरवासियों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यार्थियों ने भी अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है, जिनके मार्गदर्शन से वे इस मुकाम तक पहुंच सके।

## नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल में का परीक्षा परिणाम घोषित

# मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर के विद्यालय नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल, छुरा में आज वार्षिक परीक्षा 2025-26 का परिणाम घोषित कर मार्कशीट वितरण किया गया। नर्सरी से कक्षा 8वीं तक संचालित इस विद्यालय में पालक एवं बच्चे अत्यंत हर्ष और उल्लास के साथ मार्कशीट लेने पहुंचे। बच्चे मिठाइयां लेकर अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लेते नजर आए। कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान 96.6% नोविका बंसे, द्वितीय स्थान 95% मेधना बंसे, तृतीय स्थान 92% गामिनी वर्मा , कक्षा एलकेजी प्रथम स्थान 96.6% लक्ष्य वर्मा, द्वितीय स्थान 96.4% प्रेयांश निषाद तृतीय स्थान 96.2% प्रियल नामदेव, कक्षा यूकेजी प्रथम स्थान 97.% जित्या सिंह ठाकुर, द्वितीय स्थान 96.6% धारणी ध्रुव, तृतीय स्थान 95.4% रियांशी यादव, कक्षा पहली प्रथम स्थान 96.1% योगिता सिन्हा द्वितीय स्थान 95.8% रियांश साहू , तृतीय स्थान



93.15% वाणी देवांगन, कक्षा दूसरी प्रथम स्थान 92.5% ईशिका साहू, द्वितीय स्थान 91.65% चेष्ठा साहू, तृतीय स्थान 82.9% सिद्धि साहू, कक्षा तीसरीः प्रथम स्थान -96.1% भूपेश साहू, द्वितीय स्थान - 91.85% उत्सवी सेन, तृतीय स्थान 87.9% साकेत कुमार साहू, चौथी प्रथम स्थान 92.5% दीक्षा ठाकुर, द्वितीय स्थान 88.4% कान्हा सेन, तृतीय स्थान 85.8% ख्याति ध्रुव, कक्षा छठवीं प्रथम स्थान 84.42% विहान टंडन ,द्वितीय स्थान 81% मोहन पटेल तृतीय स्थान 77.5% दीपाली निर्मलकर, कक्षा सातवीं प्रथम स्थान - 72.67% प्राची देवी यादव, द्वितीय स्थान 67.75% याचना साहू, तृतीय स्थान 55.99% ईशांत राज ध्रुव। इस अवसर पर विद्यालय संचालक ललित कुमार साहू ने सभी बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उत्कृष्ट परिणाम के लिए प्राचार्य संतोष कुमार एवं समस्त शिक्षक स्टाफ की सराहना की।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411